तापमान
अधिकतम 30.2 डिग्री
न्यूनतम 8.9 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार 16 फरवरी 2026

12 जग्गी कॉलोनी में आयोजित किया गया शिवरात्रि महोत्सव



12 हिंदू सम्मेलन में हिंदुत्व के प्रति भी युवाओं को किया जागरुक



## खबर संक्षेप

### ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर हड़पे साढ़े सात लाख

**यमुनानगर।** वर्क वीजा पर ऑस्ट्रेलिया भेजने के नाम पर गांव माजरी बलाचौर निवासी कर्मवीर से साढ़े सात लाख रुपये हड़प लिए। आरोप रमनदीप सिंह व उसकी पत्नी परविंदर कौर पर लगा है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार माजरी बलाचौर निवासी कर्मवीर ने छछरौली पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि 2025 में वह रोजगार के लिए विदेश जाना चाहता था। इस दौरान उसकी मुलाकात रमनदीप सिंह व उसकी पत्नी परविंदर कौर के साथ हुई।

### 50 ग्राम हेरोइन के साथ महिला को किया गिरफ्तार

**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने 50 ग्राम हेरोइन के साथ महिला को गिरफ्तार किया है। आरोपी महिला अपने घर के बाहर नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में खड़ी थी। आरोपी महिला से पकड़ी गई हेरोइन की कीमत बाजार में एक लाख 80 हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी महिला के खिलाफ केस दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक सेल की टीम में तैनात एसआई सतीश कुमार ने बताया कि वह शनिवार को टीम के साथ गश्त कर रहा था। इस दौरान उसे सूचना मिली थी कि तीर्थ नगर की टपरी में झाड़ू फैक्ट्री के पास एक महिला नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में खड़ी है।

### सीआईए वन पुलिस ने कट्टे के साथ आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए वन पुलिस टीम ने बबैल रोड पर गंदा नाला के नजदीक भैसवाल मोड़ पर नितिन उर्फ मालू पुत्र पारसराम निवासी गांव हल्दाना जिला पानीपत को अवैध देसी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया। थानेदार फूल कुमार ने बताया कि आरोपी नितिन उर्फ मालू उर्फ के खिलाफ थाना हुडा सेक्टर 13/17 में आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

### लोगों को नशे के विरूद्ध जागरूक किया

**पानीपत।** पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पुलिस टीम ने ब्रहमकुमारीज के साथ संयुक्त रूप से गांव हथवाला में नशे के खिलाफ जागरूकता यात्रा निकाली और ग्राम वासियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया।

### साइबर ठगों से सावधान रहें: भूपेंद्र सिंह

**पानीपत।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने साइबर अपराध में एडवाइजरी जारी करते हुए इससे बचने के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि साइबर ठग अपराध करने के नए नए तरीके अपना रहें है। आमजन के जागरूक होने से ही साइबर अपराधियों के चंगुल में आने से बचा जा सकता है।

# ‘बम-बम लहरी’ के भजनों से शिवमय हुई सीएम सिटी लाडवा

### शहरवासियों के सहयोग से भोलेबाबा की भव्य बारात निकाली गयी जो खेड़े मंदिर से प्रारम्भ होकर पूरे शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई हिन्दू हाई स्कूल में पहुंची



**लाडवा।** भोले जी की बारात को भगवां झंडी दिखा शुभारम्भ करती नगर पालिका अध्यक्ष साक्षी खुराना व उपस्थित शिव भक्त।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

शहर की धार्मिक मंचीय संस्था श्री राम हनुमान रामलीला समिति द्वारा अन्य सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के सहयोग से शहर में भगवान भोलेनाथ की बारात निकाली गई। समिति के उप प्रधान नरेश गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि लाडवा में शहरवासियों के सहयोग से भोलेबाबा की भव्य बारात निकाली गयी जो खेड़े मंदिर से प्रारम्भ होकर पूरे शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई हाई स्कूल में पहुंची। समिति के उप प्रधान नरेश गर्ग ने बताया कि महाशिवरात्रि के महापर्व में शहर में प्रभात फेरियों की श्रृंखला पिरोने के बाद उज्जैन की दर्ज पर लाडवा शहर में शिव बारात निकाली गयी जिसमें बड़ी संख्या में शहर की संस्थाएं व महिलाओं सहित हजारों शिवभक्त व श्रद्धालु शामिल हुए और भोले की बारात में पूरा शहर शिवमयी हो गया। भोले की बारात की अगुवाई देवी-देवताओं व भूत प्रेतों ने की। वहीं नगर के विभिन्न मार्गों पर पुष्प वर्षा के साथ शंखनाद, डमरू, तालों व बम बम भोले के जय जयकारों से बाजार गुंजायमान रहे। इस अवसर पर भगवान भोलेनाथ की बारात में समिति के संरक्षक जोगध्यान, मुख्य निदेशक डॉ अशोक निर्मल, निदेशक कुश गर्ग, प्रधान राजेश वर्मा, सचिव हेमंत सैनी, उपप्रधान नरेश गर्ग, सह सचिव विपिन शर्मा, घनश्याम कम्बोज, अरुण करुड़वाल, सोमी, मिंटू कम्बोज, इशू कम्बोज, रणित कम्बोज, राकेश गर्ग बबली, सुमित सिंघल, अमित सिंघल, विशाल कम्बोज, कमल किशोर, कर्ण गौरी, शिवांश कम्बोज, देवराज राजू, राजेश अरोड़ा सहित समिति के अन्य सदस्य व हजारो की संख्या में शिवभक्त शामिल हुए।

## 31 किलो भस्म से भगवान भोलेनाथ का भस्माभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

संगमेश्वर महादेव मंदिर अरुणाय में महाशिवरात्रि मेले के दौरान साढ़े तीन लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस दौरान पूरा दिन मंदिर के बाहर लाइनें लगी रहीं। इस बार खास बात ये रही कि लाइनों में लगे श्रद्धालुओं को जलाभिषेक के लिए पंचामृत युक्त गंगाजल सेवादल की ओर से उपलब्ध कराया गया। करीब 50 हजार लीटर पंचामृत युक्त गंगाजल से अभिषेक किया गया। सेवादल सदस्य बड़े टबों से लोटे में गंगाजल भर का श्रद्धालुओं को थमाते रहे। साथ ही श्रद्धालुओं के लिए गुड़ की भेली, प्रसाद और फूल भी लाइनों में उपलब्ध कराया गया। पूजन के लिए अर्पित की जाने वाली सामग्री को लेकर श्रद्धालुओं को इधर-उधर नहीं भटकना पड़ा। दो एलईडी स्क्रीन के माध्यम से बाहर से ही श्रद्धालुओं को मंदिर के अंदर का पूरा नजारा दिखता रहा।



**पिहोवा।** लाइनों में लगे शिवभक्त।

### सुरक्षा की व्यवस्था

*महंत विश्वनाथ गिरी ने बताया कि फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी और महाशिवरात्रि दोनों दिन जलाभिषेक का महत्व है। उन्होंने बताया कि इस बार 300 साल बाद महाशिवरात्रि पर ऐसा बेहद दुर्लभ संयोग बना। 12 शुभ योग और 4 राजयोग एक साथ रहे। वाहनों के लिए आठ एकड़ में पार्किंग बनाई गई। लाखों की तादाद में जलाभिषेक करने पहुंचे श्रद्धालुओं और कावड़ियों के लिए भी मंदिर द्वारा अलग से लाइन बनवाकर व्यवस्था की गई। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए जगह-जगह बैरियर लगाकर पुलिस व होमगार्ड के जवान तैनात रहे। भूषण गौतम ने बताया कि संगमेश्वर महादेव मंदिर सेवादल के 350 सदस्यों की ड्यूटी लगी रही। लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं के कारण धनीरामपुरा से लेकर अरुणाय तक लगभग दो किमी. तक वाहनों की कतारें रही।*



**करनाल।** शोभायात्रा में झांकियों के साथ उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब।

## महाशिवरात्रि पर आस्था का सागर, शिवमय हुई कर्ण नगरी

*भव्य शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब, पुष्पवर्षा से हुआ स्वागत*

*शोभायात्रा ने पूरे शहर को भक्तिरस में सराबोर कर दिया*

**करनाल।** रामलीला मैदान से वैदिक मंत्रोच्चार और आरती के साथ शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। सभा पदाधिकारियों ने भगवान शिव की विधिवत पूजा-अर्चना कर नगर की सुख-समृद्धि की कामना की। शोभायात्रा जैसे ही मुख्य बाजारों में पहुंची, श्रद्धालुओं ने जयकारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। रेलवे रोड, सदर बाजार, नावल्टी रोड, कमेटी चौक, कर्ण गेट और सर्राफा बाजार में व्यापारियों व सामाजिक संस्थाओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। जगह-जगह प्रसाद वितरण और जल सेवा की व्यवस्था की गई। शोभायात्रा में भगवान शिव, माता पार्वती, गणेश और अन्य देवी-देवताओं की सजीव झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। कलाकारों ने तांडव नृत्य और भक्ति गीतों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। शोभायात्रा के अग्रभाग में सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश धारण कर पारंपरिक वेशभूषा में चल रही थीं, जो आयोजन की गरिमा को और बढ़ा रही थीं। विधायक जगमोहन आनंद और मेयर रेणु बाला गुप्ता ने श्रद्धालुओं को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन सामाजिक समरसता को सुदृढ़ करते हैं। सभा प्रधान रमेश जिंदल ने प्रभातफेरी, सांग उत्सव, रागनी प्रतियोगिता और शिव विवाह मंचन सहित सभी कार्यक्रमों की सफलता का श्रेय शहरवासियों को दिया।

# किसान मोर्चा ने भारत-अमेरिका समझौते के विरोध में प्रदर्शन किया

- आंदोनकारियों ने भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते के करार की प्रति जलाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते के विरोध में प्रदर्शन करे हुए किसान।

संयुक्त किसान मोर्चा ने भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते के विरोध में गांव इसराना के किसान भवन में केंद्र सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया। आंदोलनकारियों ने समझौते के करार की प्रति जलाई। वहीं, किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता मनोज जागलान ने कहा कि भारत सरकार ने किसानों को अमेरिका के हाथों बेच दिया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका का बाजार भारत में खुल जाता है, इसका सीधा दुष्प्रभाव भारतीय किसानों पर पड़ेगा। जागलान ने कहा कि किसान मोर्चा इस समझौते का पुरजोर विरोध करता है और पूरे देश में गांव-गांव में इकट्ठा होकर प्रदर्शन किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि भारत का किसान इस समझौते को कभी स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने बताया कि किसान मोर्चे द्वारा भारत-अमेरिका मुक्त व्यापार समझौते के विरोध में कन्याकुमारी से कश्मीर तक किसान यात्रा भी निकाली जा रही है।

## पुरानी सब्जी मंडी की थोक दुकान में भड़की भीषण आग

**करनाल।** शहर की पुरानी सब्जी मंडी स्थित एक थोक किरियाना दुकान में शनिवार देर शाम भीषण आग लग गई। आग जल्द ही बेसमेंट से लेकर ऊपरी मंजिलों तक लपटें फैल गई। आग को देखकर आसपास के व्यापारियों में हड़कंप मचा। सूचना मिलने पर पुलिस व फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। घटना के दौरान दुकान के सामने से गुजर रही बिजली लाइन के तार भी टूट गए, एहतियातन बिजली आपूर्ति बंद कराई गई, जिसके बाद राहत कार्य तेज किया गया।

# दुष्कर्म का वीडियो बनाकर महीनों तक किया ब्लैकमेल

## पति को बताने पर आरोपी ने दी जान से मारने की धमकी, परिवार दहशत में

*परिचित युवक ने विश्वास का फायदा उठाते हुए पहले महिला को नशीला पदार्थ पिलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

जिले के कुंजपुरा थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला से दुष्कर्म और ब्लैकमेल का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि परिचित युवक ने विश्वास का फायदा उठाते हुए पहले महिला को नशीला पदार्थ पिलाया और उसके साथ दुष्कर्म किया। इस दौरान उसने अश्लील वीडियो भी बना ली, जिसके आधार पर वह पिछले कई महीनों से महिला को धमकाता रहा।

पीड़िता के अनुसार आरोपी उसके पति के साथ मजदूरी का काम करता था और इसी कारण उसका घर पर आना-जाना था। इसी विश्वास का फायदा उठाकर एक दिन उसने पति को बुलाने का बहाना बनाकर घर में प्रवेश किया और महिला को पेय पदार्थ में नशीला तत्व मिलाकर दे दिया। महिला के अचेत होने के बाद उसने वारदात को अंजाम दिया।

इसके बाद आरोपी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर महिला को लगातार ब्लैकमेल करता रहा। करीब सात-आठ महीने तक यह सिलसिला चलता रहा। मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर आखिरकार महिला ने पूरी घटना अपने पति को बताई। पति को जानकारी मिलने के बाद आरोपी और अधिक आक्रामक हो गया और पूरे परिवार को जान से मारने की धमकियां देने लगा।

पीड़िता के परिवार ने पुलिस को दी शिकायत में आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि सभी तथ्यों की गंभीरता से जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



## ‘मेरा मिशन स्वस्थ भारत’ की साईं कृपा योग कक्षा के तीन वर्ष पूर्ण

**करनाल।** महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर ‘मेरा मिशन स्वस्थ भारत’ के अंतर्गत संचालित साईं कृपा योग कक्षा के तीन वर्ष पूर्ण होने पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। मिशन संस्थापक दिनेश गुलाटी ने कक्ष शिक्षिका मंजू शर्मा और सभी योग साधकों को बधाई दी। कार्यक्रम में पार्षद मेघा भंडारी और संकल्प भंडारी ने भी शिरकत कर योग को स्वस्थ समाज की आधारशिला बताया। मंजू शर्मा के निर्देशन में साधिकाओं ने विभिन्न योग आसनों की मनमोहक प्रस्तुति दी। शिव भजनों पर आधारित योगाभ्यास ने उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर शिक्षिकाओं और साधकों ने गुलाटी का तिलक व बैज लगाकर सम्मान किया। दिनेश गुलाटी ने कहा कि वर्तमान समय में प्रत्येक व्यक्ति को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने की आवश्यकता है और योग ही इसका सशक्त माध्यम है।

## रिंग रोड सर्विस लेन को लेकर किसानों का ‘ऐलान-ए-जंग’

- 18 फरवरी को ट्रैक्टर मार्च से सरकार को चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल रिंग रोड पर सर्विस लेन की मांग को लेकर किसानों का धरना रविवार को दसवें दिन में पहुंच गया। प्रशासन की ओर से कोई ठोस आश्वासन न मिलने से किसानों में रोष बढ़ता जा रहा है। धरना स्थल पर किसानों ने नारेबाजी कर चेतावनी दी कि अब आंदोलन निर्णायक चरण में प्रवेश कर चुका है।

धरने की अध्यक्षता किसान नेता दीपक भदरैण ने की। भाकियू जिला प्रवक्ता सुरेंद्र सांगवान ने घोषणा की कि 18 फरवरी को सुबह 10 बजे देवी लाल चौक से सैकड़ों ट्रैक्टरों के साथ ‘हल्ला बोल’ मार्च निकाला जाएगा। यह मार्च जीटी रोड की सर्विस लेन से होते हुए लघु सचिवालय तक पहुंचेगा।



**करनाल।** रिंग रोड सर्विस लेन की मांग को लेकर धरने पर बैठे किसान।

किसानों का कहना है कि रिंग रोड पर सर्विस लेन की कमी से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। साथ ही बुजुर्गों की बंद की गई पेंशन बहाली और कृषि व्यापार से जुड़े मुद्दों को लेकर भी किसान आंदोलनरत हैं। वक्ताओं ने कहा कि यदि मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।



**कुरुक्षेत्र।** विधायक रामकरण को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

## पेंशन बहाली संघर्ष समिति ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

**कुरुक्षेत्र।** पेंशन बहाली संघर्ष समिति कुरुक्षेत्र कार्यकारिणी ने शाहाबाद विधायक रामकरण को पुरानी पेंशन बहाली हेतु मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। जिला प्रधान नरेश फूले ने बताया कि राज्य कार्यकारिणी के कार्यक्रम अनुसार सभी जिला कार्यकारिणी अपने जिले के सभी विधायकों को पुरानी पेंशन बहाली के लिए मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम ज्ञापन सौंप रही है। इसी कड़ी में शाहबाद विधायक को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने विधायक से अपील की कि आगामी विधानसभा सत्र जो की 20 फरवरी से शुरू हो रहा है, में कर्मचारियों की पुरानी पेंशन बहाली की मांग को प्रमुखता से उठाएं ,क्योंकि पेंशन कर्मचारी के लिए आय का साधन न होकर आजीविका एवं मान सम्मान का विषय है और अपने हर एक कर्मचारी को सामाजिक आर्थिक और स्वास्थ्य सेवा सुरक्षा प्रदान करना सरकार का दायित्व होता है। इस मौके पर जिला संरक्षक डॉ रविदत्त शर्मा, यशपाल शर्मा,अनिल सैनी, ओमप्रकाश सरोहा ,बिंटू राम, अनिल चौधरी,राजेंद्र जांगड़ा, मुकेश ,गंगाधर शर्मा, अवशीश शर्मा, रामकुमार, संजीवअंसल, रामेश्वर लाल, जसबीर सैनी आदि रहे।

# पड़ोसी ने मासूम को बनाया हवस का शिकार, वीडियो बनाकर किया ब्लैकमेल

- घिनौने कृत्य में आरोपी की पत्नी भी बराबर की हिस्सेदार थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जिला के एक गांव में रिश्तों और पड़ोस के विश्वास को शर्मसार करने वाली घटना सामने आई है। यहाँ एक 14 वर्षीय नाबालिग छात्रा के साथ उसके पड़ोसी द्वारा पिछले एक साल से यौन शोषण किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। चौंकाने वाली बात यह है कि इस घिनौने कृत्य में आरोपी की पत्नी भी बराबर की हिस्सेदार थी। पीड़िता की मां, जो पिछले करीब 8-10 वर्षों से गांव में किराए के मकान में रह रही हैं, ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनकी 14 साल की बेटी सरकारी स्कूल में 7वीं कक्षा की छात्रा है। पड़ोस में बुटीक चलाने वाला राजू पिछले एक साल से बच्ची का यौन शोषण कर रहा था। आरोपी राजू ने जबरदस्ती बच्ची की अश्लील तस्वीरें और वीडियो बना लिए थे। इन्हीं वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर वह लगातार छात्रा को ब्लैकमेल करता रहा। इस अपराध में राजू की पत्नी नासरीन खातून भी पूरी तरह शामिल थी। वह बच्ची को डराने और चुप रखने में अपने पति की मदद करती थी। हद तो तब पार हो गई जब राजू ने अपने एक अन्य साथी, कबाड़ी का काम करने वाले अली से भी बच्ची का यौन शोषण करवाया।

**विकास** | हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने रादौर क्षेत्र के घिलौर समेत अन्य गांवों में विकास कार्यों का किया शिलान्यास

# प्रदेश सरकार हरियाणा को देश में अग्रणी राज्य बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित: राणा

- कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने सरकार द्वारा हरियाणा को देश भर में अग्रणी राज्य बनाने का जताया दावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण, मत्स्य एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि प्रदेश में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में भाजपा सरकार हर वर्ग के हित को ध्यान में रखकर कार्य कर रही है। उन्होंने उक्त शब्द रादौर क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विकास कार्यों का शिलान्यास करते हुए कहे। मौके पर ग्रामीणों ने कृषि मंत्री का जोरदार स्वागत किया। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने हरियाणा ग्रामीण विकास योजना के तहत गांव घिलौर में 36 लाख 52 हजार रुपये की लागत से खेत के रास्ते, गांव जठलाना में 55 लाख 84 हजार रुपये की लागत से खेत के रास्ते के निर्माण कार्य, पुरानी आबादी से लेकर छोटी नदी तक खेत के रास्ते का निर्माण कार्य व मेन सड़क से लेकर नाम चर्चा घर तक गली निर्माण कार्य, गांव संधाला में 53 लाख 95 हजार रुपये की लागत से खेत रास्तों का निर्माण व मेन सड़क से लेकर भूपेन्द्र के घर तक गली का निर्माण कार्य, गांव गुमथला में 29 लाख 29 हजार रुपये की लागत से खेत के रास्ते के निर्माण कार्य व गली निर्माण कार्य,गांव राझेडी में 22 लाख 46 हजार रुपये की लागत से गोगा माड़ी से लेकर गांव ठसका तक रास्ते के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।



**रादौर।** जठलाना में कार्यक्रम में कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा का स्वागत करते गणमान्य।

## रादौर में तेजी से हो रहे विकास कार्य

कृषि मंत्री उन्होंने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के सुशासन एवं विकास से प्रभावित होकर विपक्षी दल मुद्दाविहीन हो गए हैं। रादौर विधानसभा क्षेत्र के गांवों में करोड़ों रुपये की लागत से खेतों के रास्ते, नालियों, गलियों, सड़कों, धर्मशालाओं, अंबेडकर भवन, बारात घर आदि विकास कार्य पूर्ण करवाए जा चुके हैं और अधूरे विकास कार्यों को भी शीघ्र पूरा करवा दिया जाएगा । ताकि हलके की जनता को इनका लाभ मिल सकें। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि रादौर हलके की जनता ने उन्हें अपना जनप्रतिनिधि चुना है। इसलिए मेरा भी दायित्व बनता है कि मैं जनता की समस्याओं का शीघ्र समाधान करवाने का प्रयास करूं। कृषि मंत्री ने बताया कि नायब सिंह सैनी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने हरियाणा को देश में अग्रणी राज्य बनाने के लिए दृढ़ संकल्प है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी विकास कार्यों में तेजी लाएं और इन्हें जल्द से जल्द पूरा करें। ताकि ग्रामीणों को इनका लाभ मिल सकें।

## कांवड़ यात्रा, भक्ति संकल्प और शिवमय वातावरण के बीच दिव्य कथा का आयोजन

# महाशिवरात्रि पर शिव और पार्वती विवाह प्रसंग से गूंजा गांव सग्गा, विराट हिंदू सम्मेलन में उमड़ा जनसैलाब





करनाल। गांव सग्गा में महाशिवरात्रि पर आयोजित शिव महापुराण कथा व शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का भावपूर्ण दृश्य।



### पार्वती की कठोर साधना से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अर्धांगिनी स्वीकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर गांव सग्गा में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के दौरान पूरा क्षेत्र शिवमय हो उठा। कथा वाचन करते हुए श्रद्धेय रसिक दास जी महाराज ने भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान श्रद्धालु हर हर महादेव के जयघोष से वातावरण को गुंजायमान करते रहे। महाराज ने शिव-पार्वती विवाह की पावन कथा सुनाते हुए बताया कि यह प्रसंग केवल एक विवाह नहीं, बल्कि त्याग, तपस्या और समर्पण का प्रतीक है।

उन्होंने कहा कि माता पार्वती की कठोर साधना और अटूट श्रद्धा से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उन्हें अर्धांगिनी रूप में स्वीकार किया। इस दिव्य मिलन का संदेश है कि सच्ची भक्ति और विश्वास से हर साधक अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में गांव में विराट हिंदू सम्मेलन का भी आयोजन किया गया, जिसमें आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। सम्मेलन में धर्म, संस्कृति और सनातन परंपराओं के संरक्षण पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने युवाओं से अपनी संस्कृति और संस्कारों से जुड़ने का आह्वान किया।

**क्षेत्र की उन्नति की कामना**

इस अवसर पर समस्त ग्रामवासियों की ओर से पवित्र कांवड़ भी लाई गई। शिवभक्तों ने विधिवत जलाभिषेक कर भगवान भोलेनाथ से सुख-समृद्धि और क्षेत्र की उन्नति की कामना की। गांव में सुबह से ही भजन-कीर्तन, रुद्राभिषेक और प्रसाद वितरण का क्रम चलता रहा। कथा स्थल को आकर्षक फूलों और रोशनी से सजाया गया था। श्रद्धालुओं के लिए विशेष व्यवस्था की गई, जिससे सभी ने शांतिपूर्वक कथा श्रवण किया। महाशिवरात्रि के इस भव्य आयोजन ने गांव सग्गा को भक्ति और एकता के सूत्र में पिरो दिया।



करनाल। घोघड़ीपुर में निकाली गई कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। फोटो: हरिभूमि

## महाशिवरात्रि पर घोघड़ीपुर बना शिवमय कलश यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

- झांकियों, पुष्पवर्षा और सेवा भाव से सजा पूरा गांव

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल

**दिव्य मिलन का प्रतीक**

पुजारी जय प्रकाश ने कहा कि महाशिवरात्रि का पर्व भगवान शिव और माता पार्वती के दिव्य मिलन का प्रतीक है। सच्चे मन से व्रत और पूजा करने से भोलेनाथ भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं।

गांव घोघड़ीपुर में महाशिवरात्रि का पर्व इस वर्ष अभूतपूर्व आस्था और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई थी। पूरे गांव का वातावरण 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयघोष से गुंजायमान रहा। पर्व के उपलक्ष्य में पारंपरिक कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर गांव की परिक्रमा की। भजन-कीर्तन करते हुए आगे बढ़ रही महिलाओं ने पूरे माहौल को भक्तिमय बना दिया। शोभायात्रा में शिव-पार्वती, नंदी और गणेश सहित

## कृपा दिवस पर विशेष भक्तिमय संगम आज

- महाशिवरात्रि के विशेष योग में सत्संग, महाआरती व प्रीतिभोज का आयोजन

करनाल। इन्द्री रोड स्थित मनोकामनापूरक संकटमोचक श्री घण्टाकर्ण महावीर देवस्थान में प्रत्येक मास की कृष्ण पक्ष चतुर्दशी (कृपा दिवस) के अवसर पर होने वाला मासिक श्रद्धालु संगम इस बार 16 फरवरी, सोमवार को विशेष श्रद्धा और उत्साह के साथ आयोजित किया जाएगा। महाशिवरात्रि के पावन योग के कारण इस दिन का आध्यात्मिक और ज्योतिषीय महत्व और भी बढ़ गया है, जिसके चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। कार्यक्रम भारत संत गौरव उपप्रवर्तक पीयूष मुनि एवं शान्तमूर्ति महासाध्वी प्रमिला जी सहित साधु-साध्वी वृंद की पावन नेश्राय में संपन्न होगा। उनके सान्निध्य में भक्तजन आध्यात्मिक ऊर्जा और विशेष कृपा का अनुभव करेंगे। देवस्थान प्रबंधन के अनुसार मंदिर प्रातः 7 बजे से सायं 6:30 बजे तक दर्शनार्थ खुला रहेगा। प्रातःकालीन आरती सुबह 8:30 बजे तथा सायंकालीन आरती 5:30 बजे होगी। विशेष कृपा-प्राप्ति प्रसंग पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक सत्संग एवं भजन-कीर्तन का भक्तिमय आयोजन किया जाएगा, जिसके उपरांत महाआरती संपन्न होगी। श्रद्धालुओं के लिए प्रीतिभोज का लाभ पानीपत निवासी सुरेश रमेश जैन सनलाइट एंटरप्राइजिस द्वारा लिया जा रहा है। कार्यक्रम के समापन पर बृहत् श्री घण्टाकर्ण स्तोत्र का सामूहिक वाचन किया जाएगा। जैन परंपरा में श्री घण्टाकर्ण महावीर को 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी के शासनरक्षक देव के रूप में पूजा जाता है।

## महाशिवरात्रि पर्व पर उमड़ा आस्था का सैलाब

- जलाभिषेक,भजन-कीर्तन,कलश यात्रा व भंडारे के बीच पंडित ने बताया महाशिवरात्रि पर्व का आध्यात्मिक महत्व



घरौंडा। घरौंडा विधानसभा के गांव मुबारकबाद शिव मंदिर में श्री महाकाल सेवा समिति द्वारा रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर एवं शिव बाबा के दिव्य स्वरूप को रंग-बिरंगे फूलों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। सुबह 5 बजे से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें जलाभिषेक, दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए लगी रहीं। पंडित बलदेव कृष्ण शास्त्री जी ने सभी शिव भक्तों को महाशिवरात्रि की बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रातः 5 बजे भगवान शिव का जलाभिषेक शुरू हुआ नौ बजे महायज्ञ किया गया जिसमें गांव की सरपंच मधुबाला,राजेंद्र गाबा,समाजसेवी सन्दीप लोहट सहित सैकड़ों श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुति दी। इसके बाद श्रद्धालुओं ने बड़े जोश व उत्साह से गांव में कलश यात्रा निकाली गई। पंडित जी ने बताया कि महाशिवरात्रि का पौराणिक महत्व केवल शिव-पार्वती के एक जन्म का नहीं, बल्कि जन्म-जन्मांतरों का दिव्य संगम है। माता पार्वती, पिछले जन्म में सती के रूप में भगवान शिव की अर्धांगिनी थीं और प्रजापति दक्ष की कन्या थीं।



- शिवलिंग का पंचामृत अभिषेक, चार पहर की विशेष पूजा
- श्री राम मंदिर, सेक्टर आठ में महाशिवरात्रि का पर्व पूरे धार्मिक उत्साह के साथ मनाया गया।

## महाशिवरात्रि पर भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत संगम

करनाल। प्रातःकाल से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर में दर्शन के लिए लगी रहीं। हर-हर महादेव के जयकारों के बीच शिवलिंग का जलाभिषेक एवं पंचामृत स्नान कराया गया। दूध, दही, घी, शक्कर और शहद से अभिषेक के पश्चात भोलेनाथ का पुष्पों व सूखे मेवों से विशेष श्रृंगार किया गया। मंदिर परिसर को रंग-बिरंगी रोशनी और फूलों से सजाया गया। मुख्य यजमानों की उपस्थिति में चार पहर की पूजा संपन्न हुई। भजन संध्या में शिव विवाह से संबंधित भजनों की प्रस्तुति ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया।





## मंदिर सुधार सभा ने महाशिवरात्रि पर्व पर निकाली विशाल शोभायात्रा

इंद्री। मंदिर सुधार सभा इंद्री की ओर से महाशिवरात्रि का पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कस्बे मे एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा मेहता पैलेस इंद्री से शुरू होकर शहर के विभिन्न बाजारों में से होती हुई शिव मंदिर पहुंची जहां श्रद्धालुओं ने भोले बाबा का जलाभिषेक किया। इस शोभायात्रा में काफी संख्या में महिलाएं अपने सिरों पर कलश लेकर चल रही थी और शोभा यात्रा में महादेव की मनमोहक झांकियों को प्रस्तुत किया गया। शोभायात्रा मे सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु महिलाओं व पुरूषों ने भाग लेकर हर हर महादेव और जय भोलेनाथ के जयकारे लगाए जिससे शहर का पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। शोभायात्रा में मुख्य अतिथि के रूप से विधायक रामकुमार कश्यप ने शिरकत कर शोभा यात्रा की शुरुआत की।

## महाशिवरात्रि के उपलक्ष्य में विशाल भंडारे का आयोजन

तरावड़ी। महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर शहर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल देखने को मिला। इस शुभ अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में सभी सेवादारों एवं पदाधिकारियों ने बढ़-चढ़कर अपनी सेवाएं दीं और व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया। भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए भोजन, जल एवं बैठने की समुचित व्यवस्था की गई। पूरे दिन भगवान शिव के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। आयोजकों ने बताया कि महाशिवरात्रि का पर्व समाज में एकता, सेवा और समर्पण का संदेश देता है। इस अवसर पर दुर्गेश मित्तल, सुभाष गुप्ता, बनवारी कठपाल, मोहिंदर, शिवांश मित्तल, रजत, हिमांशु, प्यारे लाल, विनोद गाबा, आदि शामिल रहे।

## एसएमएस पब्लिक स्कूल में महाशिवरात्रि पर्व मनाया

तरावड़ी। एस.एम.एस. पब्लिक स्कूल में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव की आराधना कर उनके समक्ष पुष्प अर्पित कर ,दीप प्रज्ज्वलित किया। विद्यार्थियों ने शिव भक्ति से संबंधित भजन एवं प्रस्तुतियाँ दीं, जिससे पूरा विद्यालय परिसर भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। प्रार्थना सभा में महामृत्युंजय मंत्र का जाप भी किया गया। प्राचार्य डॉ. विभा कौशिक ने कहा कि महाशिवरात्रि हमें आत्मसंयम, धैर्य और सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देती है।

## नीलोखेडी में उल्लासपूर्वक मनाया गया महाशिवरात्रि महोत्सव

नीलोखेड़ी। श्री सनातन धर्म मंदिर नीलनगर सहित आज नगर के विभिन्न मंदिरों में महाशिवरात्रि महोत्सव उल्लासपूर्वक मनाया गया।इस अवसर पर विशेषकर श्री सनातन धर्म मंदिर नीलनगर में शिव भक्तों की सुबह से लंबी-लंबी कतारें लग गई ,शिव भक्तों ने बड़ी श्रद्धा के साथ भगवान शिवलिंग पर जलाभिषेक भी किया तथा विधिवत शिव पूजन किया।सभा के अध्यक्ष शिव नाथ कपूर के अनुसार विगत कई दशकों की भांति आचार्य जगदीश शर्मा ने पूरी रात्रि विधिवत रुप से रुद्राभिषेक किया जिसमें काफी संख्या में शिव भक्तों ने पूरी रात बैठ कर रुद्राभिषेक किया। इस अवसर पर मंदिर सभा के शिव नाथ कपूर, निखिल मलिक, प्रवीण आनंद, महेंद्र मुंजाल, कमल अरोड़ा, भोलानाथ कपूर, नवीन कपूर, राजीव आनंद एवं अश्वनी शर्मा सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।नीलनगर मंदिर सहित पोल्ट्री एरिया के वैदिक सनातन मंदिर, किसान बस्ती तथा अस्पताल एरिया व लक्ष्मी नारायण मंदिर में जहां शिव रात्रि महोत्सव उल्लासपूर्वक मनाया गया तथा विभिन्न स्थानों पर भंडारों का भी आयोजन किया गया वहीं आर्य समाज मंदिर में यह महोत्सव ऋषि बोधोत्स्व के रुप में समारोहपूर्वक मनाया गया जिसमें आर्य समाज मंदिर के अशोक पुजानी,वीरेंद्र वर्मा,भरतपाल बतरा,सुभाष चौधरी,चौधरी इंद्र सिंह व कंवल नैन सहित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे जिन्हें आर्य समाज सभा द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित भी किया गया जिनमें मार्केट कमेटी के चेयरमैन शिव नाथ कपूर,मनोनीत पार्षद राजेश शर्मा,पार्षद भूपेश जुनेजा,एडवोकेट नवीन कपूर ,प्रेम सचदेवा,पंकज शर्मा,सुनिल कटारिया,सतीश पुनानी,केवल कृष्ण कुकरेजा,रीतेश गुप्ता व राकेश गुप्ता सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।इस अवसर पर आर्य समाज स्कूल के बच्चों ने कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

# स्तन कैंसर के प्रति जागरूक किया

- स्वास्थ्य पर चर्चा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल




करनाल। माडल टाउन के एक निजी होटल में स्वास्थ्य पर चर्चा जागरूकता कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुए। फोटो: हरिभूमि

जेसीआई करनाल एजाइल की महिला विंग की ओर से माडल टाउन के एक निजी होटल में स्वास्थ्य पर चर्चा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम चेयरमैन अंजलि कालरा की देखरेख में हुआ। फोर्टिस अस्पताल से पहुंची ब्रेस्ट एंडोक्राइन सर्जन डा. दीप्ति सिंह ने स्तन कैंसर व महिलाओं को होने वाली अन्य बीमारियों को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा दुनिया में स्तन कैंसर तेजी से फैल रहा है। हमारे देश में भी इस बीमारी ने पैर पसार लिए हैं। स्तन कैंसर से बचाव के लिए जागरूकता और सचेत रहें। डॉक्टरों से विचार विमर्श करके अपना ज्ञानवर्धन करें। अगर आपको इस बीमारी से संबंधित कोई भी लक्षण महसूस होता है तो विशेषज्ञ डॉक्टर से संपर्क करें। लापरवाही कदापि न बरतें।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर जेसी करनाल एजाइल के प्रधान हिमांशु कालरा, महिला विंग चेयरमैरन अंजलि कालरा, मेंटर अमृता अरोड़ा, पी.डी. रोजी सलूजा, संयोजक कोमल गुप्ता, सुमन तनेजा, रीतु सूर, रीतु भाटिया, शिल्पा चावला व वंशिका बठला सहित एमडीडी बाल भवन में रहने वाली युवतियां मौजूद रहीं।

## वीरता और संगठन शक्ति का प्रतीक रहे महाराजा सूरजमल

- जयंती पर कबड्डी प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को दिया संदेश
- महाराजा सूरजमल जयंती के उपलक्ष्य में भव्य समारोह आयोजित किया



करनाल। जाट धर्मशाला परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य व्यक्ति, युवा और खिलाड़ी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कबड्डी प्रतियोगिता रही, जिसमें विभिन्न जिलों की टीमों ने भाग लेकर दमखम दिखाया। रोमांचक मुकाबलों के बीच खिलाड़ियों ने खेल भावना और अनुशासन का परिचय दिया। विजेता टीमों को ट्रॉफी और सम्मान प्रदान किए गए। सभा प्रधान भूपिंद्र लाठर भुप्पी ने अपने संबोधन में कहा कि महाराजा सूरजमल केवल एक पराक्रमी योद्धा ही नहीं, बल्कि दूरदर्शी और न्यायप्रिय शासक थे। उन्होंने समाज के कमजोर वर्गों की रक्षा कर समावेशी शासन का उदाहरण प्रस्तुत किया। वक्ताओं ने युवाओं से उनके आदर्शों पर चलने और शिक्षा व संगठन को मजबूत करने का आह्वान किया।

## सुभाष गुप्ता बने श्री कृष्ण कृपा समिति के प्रधान, प्रवीण को संरक्षक पद की जिम्मेदारी

- धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समिति गठित

हरिभूमि न्यूज ⏭तरावड़ी

तरावड़ी में धार्मिक और सामाजिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्री कृष्ण कृपा समिति का विधिवत गठन किया गया। समिति के गठन के साथ ही विभिन्न पदाधिकारियों की नियुक्ति करते हुए जिम्मेदारियां सौंपी गईं। समिति का मुख्य उद्देश्य गीता पाठ का प्रचार-प्रसार, आध्यात्मिक जागरूकता और सेवाभाव से जुड़े सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाना रहेगा। बी.डी. ओवरसीज के सीएमडी प्रवीण गर्ग को संरक्षक, तरावड़ी अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान सुभाष गुप्ता को प्रधान, प्रसिद्ध उद्योगपति नरेश अरोड़ा को उप-प्रधान, रणजीत भारद्वाज को सचिव तथा नगरपालिका चेयरमैन विरेंद्र बंसल को कैशियर पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त समाजसेवी मुकेश गर्ग, राकेश हंस, रणदीप चौधरी, सचिन गर्ग, रामेश्वर शर्मा और राजीव नारंग को समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। समिति आध्यात्मिक मार्गदर्शन में समय-समय पर गीता पाठ, प्रवचन, सत्संग और सेवा शिविर आयोजित करेगी, जिससे युवाओं और समाज के अन्य वर्गों को सकारात्मक दिशा मिल सके।

**जनकल्याण के कार्य भी होंगे**

नवनियुक्त प्रधान सुभाष गुप्ता ने बताया कि समिति का गठन गीता मनीषी संतों के मार्गदर्शन और आध्यात्मिक प्रेरणा से किया गया है, ताकि क्षेत्र में गीता ज्ञान, सत्संग और सेवा कार्यों को संगठित रूप से आगे बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि समिति केवल धार्मिक आयोजनों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि जरूरतमंदों की सहायता, सामाजिक सहयोग और जनकल्याण के कार्य भी नियमित रूप से किए जाएंगे।



## कौशल विकास कार्यशाला में छात्राओं की रचनात्मक प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन

- आत्मनिर्भर बनने और स्वरोजगार की दिशा में बढ़ने का दिया संदेश

करनाल। डॉ. गणेश दास महिला शिक्षण महाविद्यालय के मार्गदर्शन, परामर्श एवं प्लेसमेंट सेल द्वारा "कौशल विकास" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं में आत्मनिर्भरता की भावना विकसित करना तथा उन्हें व्यावसायिक कौशलों के प्रति प्रेरित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या के प्रेरणादायक उद्बोधन से हुआ, जिसमें उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में केवल डिग्री ही नहीं, बल्कि कौशल आधारित शिक्षा भी अत्यंत आवश्यक है। कार्यशाला के दौरान छात्राओं ने केश सज्जा, मेहंदी कला, नेल आर्ट, ग्लास पेंटिंग, क्ले मॉडलिंग, सिलाई-कढ़ाई और पेंटिंग जैसी गतिविधियों में भाग लिया।

## आर्य समाज के बोधोत्सव समारोह में पहुंचे विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण

### विस अध्यक्ष ने नशामुक्ति व स्वदेशी अपनाने का दिया संदेश

# बच्चों को संस्कारी व जिम्मेदार नागरिक बनाना परिवार की पहली जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ⏭करनाल




करनाल में आर्य समाज केंद्रीय सभा, सेक्टर-6 द्वारा आयोजित महर्षि दयानंद सरस्वती जन्मोत्सव एवं ऋषि बोधोत्सव समारोह का समापन श्रद्धा, उत्साह और सांस्कृतिक गरिमा के साथ हुआ। कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और समाज को संस्कार, स्वदेशी और सामाजिक एकजुटता का संदेश दिया। अपने संबोधन में उन्होंने स्वामी दयानंद सरस्वती को नमन करते हुए कहा कि राष्ट्र की वास्तविक उन्नति तभी संभव है जब हम अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहें। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानंद ने विपरीत परिस्थितियों में भी समाज को सत्य, शिक्षा और सुधार का मार्ग दिखाया। आज आवश्यकता है कि उन्हीं मूल्यों को नई पीढ़ी तक पहुंचाया जाए। विधानसभा अध्यक्ष ने घोषणा की कि वे सभा के विकास कार्यों के लिए अपने निजी कोष से 11 लाख रुपये की सहयोग राशि प्रदान करेंगे। गुलामी के लंबे कालखंड के बाद देश ने स्वतंत्रता प्राप्त की।

**नशा और पर्यावरण प्रदूषण गंभीर समस्या**

नशे और पर्यावरण प्रदूषण को वर्तमान समय की गंभीर समस्या बताते हुए उन्होंने समाज से एकजुट होकर इन कुरीतियों के विरुद्ध अभियान चलाने का आह्वान किया। युवाओं से अपील करते हुए उन्होंने कहा कि वे स्वदेशी विचारधारा को अपनाकर आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाएं। बच्चों को केवल सफल नहीं, बल्कि संस्कारी और जिम्मेदार नागरिक बनाना परिवार की पहली जिम्मेदारी है। जब घर-परिवार में नैतिक शिक्षा का वातावरण बनेगा, तभी राष्ट्र सशक्त और समृद्ध होगा।




## वैदिक चेतना से समाज सुधार का संदेश

- आर्य समाज स्थापना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर कार्यक्रम आयोजित

करनाल। आर्य केंद्रीय सभा द्वारा महर्षि दयानंद के जन्मोत्सव एवं आर्य समाज के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत देव यज्ञ से हुई, जिसके पश्चात उपासना सम्मेलन और सायंकाल मातृ शक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मेयर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि महर्षि दयानंद ने शिक्षा, विशेषकर स्त्री शिक्षा और नैतिक मूल्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी तथा समाज को अंधविश्वास से मुक्त करने का अभियान चलाया। विशिष्ट अतिथियों ने उनके सामाजिक सुधार आंदोलनों को आज भी प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम में आर्य श्रेष्ठी सम्मान प्रदान कर समाजसेवियों को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने बाल विवाह, कन्या वध जैसी कुरीतियों के विरोध में महर्षि दयानंद के योगदान को स्मरण करते हुए वैदिक सिद्धांतों को अपनाने का आह्वान किया।

खबर संक्षेप

### महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया

**पानीपत।** महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सोमनाथ धाम आश्रम गांव निंबरी में शिव बाबा का जलाभिषेक किया। इस अवसर पर पंडित अक्षय मिश्रा, विश्व जागृति मिशन मंडल के प्रधान डा.जगजीत आहूजा, विश्व जागृति मिशन के महामंत्री गिरीश अरोड़ा, चुन्नीलाल चावला, दिनेश ठाकुर, रमेश आर्य, जगदीश खुराना समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### पानीपत में दिव्यांग कैंप आयोजित

**पानीपत।** पानीपत के समाजसेवी सुरेश काबरा द्वारा मनीष काबरा की पुण्यतिथि पर द्वितीय दिव्यांग कैंप महावीर विकलांग समिति जयपुर की सहायता से आयोजित हुआ। कैंप में करीब 1300 लोगों ने कृत्रिम अंग, साइकिल, ट्राई साइकिल, कान की मशीन, छड़ी व वॉकर आदि दिया गया। कार्यक्रम में भीलवाड़ा से सांसद दामोदर अग्रवाल, नितिन, दिनेश नौलखा, त्रिलोक, जगदीश, ओम काबरा, अशोक काबरा आदि शिरकत की।

### महाशिवरात्री पर शिव पूजन किया

**पानीपत।** महाशिवरात्री पर पूर्व मेयर सुरेश वर्मा एवं उनकी पत्नी पार्षद वार्ड नंबर आठ सरोज वर्मा ने राकेश नगर शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पर पूजन किया। वहीं सरोज ने शिव बाबा से जनता के सुख सुमृद्धि व अरोग्य की कामना की। संदीप , अमरजीत, भीष्म, मनीष, सतीश कोहली समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शिव बाबा का पूजन किया।

### पुलिस कर्मियों ने मॉक टेस्ट दिया

**पानीपत।** सिपाही से हवलदार बनने के लिए बी-1 परीक्षा से पहले शनिवार को करनाल मंडल के तीन जिलों के 381 पुलिसकर्मियों का समालखा स्थित पाइट कॉलेज की कंप्यूटर लैब में ऑनलाइन मॉक टेस्ट कराया गया। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक करनाल मंडल डॉ. एम रवि किरण, पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह, एएसपी उत्तम की निगरानी में पानीपत, करनाल व कैथल से आए जवानों ने ऑनलाइन परीक्षा दी। वहीं, इसी माह इन सभी का फाइनल टेस्ट लिया जाएगा। जिसमें ऑनलाइन टेस्ट के साथ साथ फिजिकल टेस्ट भी होगा।

### स्वरोजगार अपनाए नारी शक्ति : दहिया

**पानीपत।** विधवा महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा सशक्त पहल की है। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि निगम के माध्यम से पात्र महिलाओं को बैंकों के जरिए तीन लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वे अपना स्वयं का व्यवसाय स्थापित कर सकें और सम्मानजनक आजीविका अर्जित कर सकें। विशेष बात यह है कि बैंक द्वारा लगाए जाने वाले ब्याज की प्रतिपूर्ति हरियाणा महिला विकास निगम द्वारा सब्सिडी के रूप में की जाएगी।

### भंडारे में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया

**पानीपत।** श्री महादेव अमरनाथ सेवा समिति पानीपत द्वारा हर वर्ष की भांति सनौली रोड, टाइल फैक्ट्री के बाहर राहगीरों के लिए महाशिवरात्रि पर्व पर आठवां विशाल भंडारे के आयोजन किया गया। वहीं भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर संस्था के कृष्ण चन्द बंसल, प्रधान दिलावर ख़र्ब, विशाल धवन, अनिल रोहिला, सुभाष सिंगला, दीपांश, चांद मिगलानी, हेमंत शर्मा, हेमंत रोहिल्ला आदि उपस्थित रहे।

### सांग महोत्सव हरियाणा का प्रमुख उत्सव : नरेन्द्र

**कुरुक्षेत्र।** जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डा. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग हरियाणा के महानिदेशक केएम पांडुरंग के आदेशानुसार व उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के मार्गदर्शन में धनपत सिंह सांग पुरस्कार के उपलक्ष्य में सांग महोत्सव 2026 का आयोजन किया जाएगा।

श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने जनसेवा की शपथ ली

# सामाजिक सद्भावना को बढ़ावा दे श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा: ढांडा

**समारोह में टीवी कलाकार मनोज पांचाल व शिवम पांचाल ने भजन गायन कर शिव बाबा का गुणगान किया**



पानीपत। श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा के पदाधिकारी हरपाल ढांडा को स्मृति चिंह भेंट करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा द्वारा नूरवाला क्षेत्र की हरि सिंह कालोनी स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में महाशिवरात्रि का महापर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। वहीं श्री विश्वकर्मा पांचाल सभा की नवनिर्वाचित टीम का भी शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। जिसमें हरियाणा सरकार के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में सभा के चेयरमैन विनोद पांचाल, वाइस चेयरमैन सोमपाल फोरमैन, पूर्व प्रधान ईसम पांचाल, पांचाल समाज के जिला अध्यक्ष विपिन पांचाल, डा. इंद्रपाल पांचाल, श्री विश्वकर्मा मंदिर गोहाना रोड के प्रधान राजकुमार पांचाल, मीडिया प्रभारी मोहन लाल, पार्षद कोमल पांचाल, पार्षद पति अनिल शर्मा, पवन गोगलिया आदि उपस्थित रहे। अध्यक्षता सभा के प्रधान रोहतास पांचाल ने की। जबकि समारोह में टीवी कलाकार मनोज पांचाल व शिवम पांचाल ने भजन गायन कर शिव बाबा का गुणगान किया। मुख्य अतिथि हरपाल ढांडा ने कहा कि नई टीम समाज हित में कार्य करें, सभी को साथ लेकर चले और सभा के कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें। सभा के नवनिर्वाचित प्रधान रोहतास पांचाल, उप प्रधान सुरेश पांचाल, मांगेराम पांचाल, महासचिव रविंद्र पांचाल, कोषाध्यक्ष विजेंद्र पांचाल, सचिव बबलु पांचाल एवं कार्यकारिणी के सदस्य विनोद पांचाल दलहेड़ी, मनोज पांचाल कलाकार, मनोज मौजी, नितिन पांचाल एवं मुनेश पांचाल को सभा के चेयरमैन विनोद पांचाल ने पद गोपनीयता की शपथ दिलाई। महाशिवरात्रि पर्व पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।

*समाज सेवा संगठन ने महाशिवरात्रि पर भंडारा लगाया*

## चेतना व ऊर्जा के मिलन का प्रतीक है महाशिव रात्रि पर्व : जैन



**पानीपत।** महाशिवरात्रि पर्व पर समाज सेवा संगठन द्वारा जीटी रोड पर 35वां महाशिवरात्रि भंडारे का आयोजन किया। वहीं भंडारे में हजारों राहगीरों ने प्रसाद ग्रहण किया। इधर, अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया हर वर्ष की तरह संगठन द्वारा महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भंडारे आयोजन किय जाता है। वहीं, गौमुख, गंगोत्री, ऋषिकेश, हरिद्वार से शिव भक्त गंगा जल लाकर शिवलिंग पर चढ़ाते हैं जिससे भगवान भोले नाथ सभी की मनोकामना पूर्ण करते हैं और फाल्गुन मास की चतुर्दशी को ही भगवान शिव और माता पार्वती का विवाह हुआ था जो चेतना और ऊर्जा के मिलन का प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि जरूरमंदों की निष्काम सेवा से भगवान शिव खुश होते है और श्रद्धालुओं की मनोकामना पूरी करते है। इस अवसर पर गुलशन कटारिया नीरज जैन कैलाश जैन विकास जैन अतुल मुंजाल दीपक सिंगला मनोज गांधी अंकित माटा अजय खुराना विक्रम कालरा विनोद ग्रोवर जोगेंद्र सिंह भोला मेहता राम उजागिर शर्मा अनिल जैन दयानंद खुंगर अशोक मखीजा सुभाष गोस्वामी अनिल सिंगला वीरेंद्र भाटिया प्रमोद जैन प्रमोद जैन समेत बडी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## दिव्या ज्योति जाग्रति आश्रम में महाशिवरात्रि पर्व मनाया



पानीपत। दिव्या ज्योति जाग्रति आश्रम में महाशिवरात्रि पर्व पर सत्संग करते हुए साध्वी रितु भारती। फोटो : हरिभूमि

**पानीपत।** दिव्या ज्योति जाग्रति संस्थान आश्रम में महाशिवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। वहीं, धार्मिक कार्यक्रम में आशुतोष महाराज की साध्वी शिष्या रितु भारती ने बताया की महाशिवरात्रि फाल्गुन के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी की अंधकार मय रात जिसे ग्रंथ और मुनिश्री बताते हैं कि यह रात साधारण नहीं विशेष है यही कारण है कि हर साल इस बेला पर भारतीय जानता में भावनाओं का ज्वार उमड़ उठता है। उन्होंने कहा कि अर्चना अराधना के स्वर गुंजायमान होते है, शिवालय धूप से सुगंधित शिव उपासना का यह ढंग कौला चारक कहलाता है। यह बाहरी पूजा होती है इसमें बाहरी साधनों से महादेव की बाहरी मूरत या लिंग का बाहरी पूजन किया जाता है। इसलिए महापुरुषों के अनुसार मात्र यह पूजन करना पर्याप्त नहीं है यह तो उपासनआ की केवल प्रथम सीढ़ी है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव का वास्तविक पूजन तो अंतर जगत में संपंन होता है वास्तव में महाशिवरात्रि का पर्व हमें हर वर्ष इसी आंतरिक पूजन की प्रेरणा देने आता है।

# कांग्रेस पानीपत ग्रामीण जिलाध्यक्ष ने नई कार्यकारिणी की घोषणा की




पानीपत। कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष रमेश मलिक के साथ नवनियुक्त पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के हुडा सेक्टर 25 स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पानीपत ग्रामीण में रविवार को पत्रकार वार्ता में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष रमेश मलिक ने नई जिला कार्यकारिणी की औपचारिक घोषणा की। उन्होंने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को मजबूत करने की अपील करते हुए दावा किया कि कांग्रेस का जनाधार दिन प्रति दिन बढता जा रहा है। वहीं, भाजपा सरकार जनता की सेवा करने में हर मोर्च पर फेल हो चुकी है। मलिक ने बताया कि नई कार्यकारिणी में जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के उपाध्यक्ष रजनीश छौक्कर, जगदीश जांगड़ा, बलवान वाल्मीकि व प्रमिला, संगठन महासचिव दीपक खटकड़, महासचिव स. गुरविंदर सिंह, नारायण दत्त शर्मा, यशपाल अहलावत, विकास कुमार रोसे, जय भगवान राठी, राजेश शर्मा, फुरकान नरवाल व सुनीता रानी को, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल, सचिव डीपी ग्रोवर, पवन स्वामी, कोकी धीमान, हरपाल नांगलखेड़ी, सुशील सैनी, प्रमोद कश्यप, कृष्ण कश्यप, राजेश कुमार, नरेंद्र सूरा, राजपाल छौक्कर, राखी, मोहित बिंझौल, रामपाल प्रजापत, लक्ष्मी शर्मा, उमेश व करण गुर्जर को शामिल किया गया है।

# विपक्ष की भूमिका निभाने में भी कांग्रेस फेल

*केंद्र व प्रदेश सरकारों की कल्याणकारी नीतियों का जनता के बीच प्रचार करें भाजपाजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया, पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

भाजपा के दक्षिणी शहरी मंडल, सनौली रोड स्थित कार्यालय में मंडल के सभी शक्ति केंद्र प्रमुखों, मंडल महामंत्री तथा मन की बात कार्यक्रम के संयोजक एवं सह-संयोजकों की बैठक हुई। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं दक्षिणी शहरी मंडल प्रभारी नवीन भाटिया विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं, बैठक की अध्यक्षता दक्षिणी शहरी मंडल अध्यक्ष चेतन तनेजा ने की। वहीं मंडल महामंत्री अरुण पसरिचा ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र के मन की बात कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने, संगठनात्मक मजबूती तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की। इधर, भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व में तेजी से आगे बढ़ रहा है। वहीं, कांग्रेस, देश की तरक्की को सहन नहीं कर पा रही है। कांग्रेस विपक्ष की भूमिका निभाने में भी फेल रही। इसके चलते केंद्र सरकार पर आए दिन बेबुनियादी आरोप लारही है। उन्होंने कहा कि हर भाजपाई का कर्तव्य है कि वह कांग्रेस की जनविरोधी नीतियों से जनता को अवगत करवाए। वहीं, बैठक में निशा बंसल, राजेश गुप्ता, रविंद्र मंडल, पुरुषोत्तम अग्रवाल, दीपक गोयल, सन्नी सेठी, जोगिंदर सिंह मक्कड़, विजय सहगल आदि उपस्थित रहे।

# गांव बुआना लाखु में महाशिवरात्रि पर समाजसेवी रंजीता को सम्मानित किया

**जनता को सद्भावना का संदेश देते पर्व : कौशिक**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। फैला उजियारा फाउंडेशन की अध्यक्ष रंजीता कौशिक को सम्मानित करते हुए मेजबान।

तपेश्वर धाम सेवा समिति, गांव बुआना लाखु की ओर से महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में धार्मिक कार्यक्रम व भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और पूरा वातावरण शिव भक्ति से सराबोर रहा। वहीं, कार्यक्रम में फैला उजियारा फाउंडेशन की अध्यक्ष कुमारी रंजीता कौशिक आदि को उनकी उत्कृष्ट सामाजिक सेवाओं एवं समाज में उल्लेखनीय योगदान के लिए समिति द्वारा सम्मानित किया गया। इधर, रंजीता कौशिक ने कहा कि पर्व सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। वहीं, महाशिवरात्रि पर सामूहिक धार्मिक आयोजन समाज में एकता और अधिक सुदृढ़ होती है। इधर, कार्यक्रम में सरपंच मोहित, पूर्व सरपंच महावीर मलिक, मोहन मलिक, कोच नरेंद्र मलिक, मास्टर ओमप्रकाश, रोहतास मलिक, दिलबाग, राकेश, एडवोकेट दीपक, राजू दुकानदार, सिकंदर मलिक, आकाश मलिक, आनंद ठेकेदार, नरेंद्र ठेकेदार, रिंकू सैनी, प्रदीप गाहल्याण समेत बडी संख्या में श्रद्धालु ने श्रद्धा, सेवा, सामाजिक एकता का सशक्त संदेश दिया।

**आचार्यश्री हम सभी के प्रेरणास्रोत**

प्रधान राजकुमार गर्ग ने कहा कि यह गुरुकुल ही नहीं अपितु हरियाणा प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि आचार्य देवव्रत को यह नई जिम्मेदारी सौंपी गई है, निश्चित तौर पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने आचार्य की कर्त्तव्यनिष्ठा और कार्यकुशलता को देखकर यह निर्णय लिया है जिसके लिए गुरुकुल परिवार देश की माननीया राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री का आभारी हैं। निदेशक ब्रिगेडियर डॉ. प्रवीण कुमार ने कहा कि आचार्यश्री हम सभी के प्रेरणास्रोत हैं। एक शिक्षक से देश के इतने ऊंचे संवैधानिक पद तक पहुंचना, इस यात्रा में कितना संघर्ष, कितना त्याग और कितना परिश्रम है, इससे सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए।

# चित्रकूट धाम में भगवानों की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कर भंडारा लगाया

**निर्धन की निष्काम सेवा करें समर्थ नागरिक : उपाध्याय**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। चित्रकूट धाम श्रीराम मंदिर में अतिथियों को सम्मानित करें हुए मेजबान।

पानीपत की अशोक विहार कॉलोनी में श्री राम चौक कुटानी रोड स्थित चित्रकूट धाम श्रीराम मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम भंडारे के साथ संपंन हुआ। वहीं, भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया गया। इधर, चित्रकूट धाम के अध्यक्ष ज्योतिषाचार्य पंडित देवनारायण उपाध्याय ने कहा कि हर इंसान को अध्यात्म से जुड़ना चाहिए और निर्धन वर्ग की निष्काम सेवा करनी चाहिए। इस अवसर पर निगम पार्षद सरोज सुरेश वर्मा, प्रवीन गर्ग, राहुल पांचाल, कौशल चौधरी, सोनू शर्मा, डा.मोहित, डा. रमेश गुप्ता, अंकित, रोहिल्ला, सुशील द्विवेदी, देवी दयाल तिवारी, सतनारायण द्विवेदी, बद्रीनारायण, मनोज धवन, बीरेंद्र कुमार शास्त्री, कनिका पांचाल, अंजलि, करुणा देवी, आशुतोष त्रिपाठी, मनीष मित्तल, मनोज गुप्ता, विनोद सैनी, कल्पना, संगीता पांडे, पप्पू वर्मा, डा.विजय चौहान, सिद्धार्थ मिश्रा व शिखा देवी आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** हुडा सेक्टर 25 व 29 में संयुक्त रूप से विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन

**युवाओं को धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना से कार्य करने का आह्वान किया**

# हिंदुओं को संगठित शक्ति के रूप में आगे बढ़ना होगा : स्वामी अरूण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। विराट हिंदू सम्मेलन में मंचासीन अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

हुडा सेक्टर 25 व 29 में संयुक्त रूप से विराट हिंदू सम्मेलन अम्बिएंस गार्डन में आयोजन हुआ। वहीं सम्मेलन में संत-महात्माओं, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों, क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों, मातृशक्ति एवं युवाओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक अस्मिता, कुटुंब व्यवस्था और सामाजिक संगठन जैसे विषयों पर व्यापक चिंतन हुआ। वहीं, सम्मेलन में महामंडलेश्वर स्वामी अरुण दास ने अपने ओजस्वी उद्बोधन में कहा कि हिंदू समाज को संगठित शक्ति के रूप में आगे बढ़ना होगा और अपनी सांस्कृतिक जड़ों को मजबूत बनाए रखना होगा। उन्होंने कहा कि जब समाज एकजुट होकर राष्ट्रहित में कार्य करता है, तब वह हर चुनौती का डटकर सामना कर सकता है। उन्होंने युवाओं को धर्म, संस्कृति और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना से कार्य करने का आह्वान किया। वहीं, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के प्रांत कार्यकारी सदस्य सुभाष आहूजा ने संघ की सौ वर्ष की यात्रा, संघर्षों और उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने "पंच परिवर्तन" की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि व्यक्ति, परिवार और समाज में सकारात्मक बदलाव लाकर ही राष्ट्र को सशक्त बनाया जा सकता है।

उन्होंने अनुशासन, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय एकता को वर्तमान समय की प्रमुख आवश्यकता बताया। इधर, वैदिक विद्वान संजीव वेदालंकार ने कुटुंब प्रबोधन पर विशेष बल देते हुए कहा कि परिवार ही संस्कारों की प्रथम पाठशाला है और यदि परिवार सुदृढ़ होगा तो समाज भी मजबूत होगा। इस अवसर पर डॉ. राजवीर आर्य, स. हरचरण सिंह धामू, गजेन्द्र सलूजा, भूपेंद्र सिंह, लोकेश नांगरू, पुरुषोत्तम शर्मा, केदार शर्मा, राजेश गोयल समेत बडी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### "लव जिहाद" जैसे विषयों पर चिंता व्यक्त किया

उन्होंने तथाकथित "लव जिहाद" जैसे विषयों पर चिंता व्यक्त करते हुए समाज को जागरूक रहने का संदेश दिया। साथ ही हिंदू समाज में कम होती संतानों की प्रवृत्ति पर चिंता जताते हुए संतुलित एवं संस्कारित परिवार व्यवस्था की आवश्यकता बताई। ब्रह्मकुमारी अंजना बहन ने राष्ट्रवाद और राष्ट्रभक्ति को सर्वोपरि बताते हुए युवाओं एवं मातृशक्ति से राष्ट्र के गौरव को बढ़ाने हेतु सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। वहीं, कार्यक्रम के संयोजक प्रधान श्रीभगवान अग्रवाल ने सम्मेलन में पधारे संत-महात्माओं, वक्ताओं एवं उपस्थित जनसमूह का स्वागत किया।

### कुरीतियों का त्याग करें नागरिक

**पानीपत।** महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर ब्रह्मकुमारी आश्रम बरसत रोड धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें महामंडलेश्वर आचार्य कमल किशोर, श्री राम दशहरा कमेटी के प्रधान भीम सचदेवा, श्री राम सेवा दल के प्रधान हरबंस आनंद, पार्षद प्रतिनिधि सुरेंद्र परूथी, जिलाध्यक्ष कांग्रेस पानीपत शहरी स.बलजीत सिंह, राजयोगी बीके भारत भूषण, बीके ज्योति, बीके शिवानी, बीके पवन, बीके स्वाती बरसत, बीके दीपा फरीदपुर, सुनील थम्मन, अजय बत्ता, कैलाश, टिंकू, अनिल, विकास व ललित आदि उपस्थित रहे।

### बागवानी का रकबा बढ़ेगा

पानीपत। पानीपत में बागवानी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उद्यान विभाग ने बाग लगाने वाले किसानों को माइक्रो इरिगेशन (फव्वारा सिस्टम) के लिए मीकाडा पोर्टल से रजिस्ट्रेशन करवाने में अगले आदेशों तक छूट दे दी है। यह कदम किसानों की सुविधा और विभागीय लक्ष्यों की पूर्ति को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। वहीं, उद्यान विभाग द्वारा बाग लगाने वाले किसानों को प्रति एकड़ 43 हजार रुपये का अनुदान दे रहा है। इधर, उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने किसानों से बागवानी को अपनाने की अपील की।

### भाकपा ने शहीदों को नमन किया

**पानीपत।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला कौंसिल की मीटिंग का.टीका राम सखुन सभागार में का.माम चंद सैनी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें पुलवामा की सातवीं बरसी पर देश के लिए कुर्बान हुए जवानों को याद करते हुए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर जिला सचिव का.पवन कुमार सैनी एडवोकेट, का. मामचंद सैनी, ओम प्रकाश कश्यप, ओम सिंह यादव, पृथ्वी सिंह सैनी, जय भगवान सैनी, सुलतान सिंह, भूपेंद्र सिंह, शीश राम, सन्नवर राणा, देवेंद्र कोहाड, कृष्ण गिरि, रूपेश सैनी आदि उपस्थित रहे।

### जग्गी कॉलोनी में महाशिवरात्रि महोत्सव का आयोजन

# चेतन को जागृत करने से होगा जीवन का कल्याण






हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

महाशिवरात्रि के इस पवित्र मंगलमय पर्व पर सुप्रीम लाइट हाउस जग्गी कॉलोनी में शिवरात्रि महोत्सव बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें मुख्य वक्ता के रूप में राजयोगी भ्राता भारत भूषण , डायरेक्टर ज्ञान मानसरोवर पानीपत से, आचार्य महामंडलेश्वर संत कमल किशोर , चांदनी पुरी , ओमकार ने शिरकत की । प्रोग्राम की शुरुआत परमात्मा की याद के सुंदर गीत के साथ की गई। संस्था की मुख्य संचालिका राजयोगिनी बीके दिव्या दीदी ने अपने व्याख्यान में कहा कि शिवरात्रि अर्थात परमात्मा के अवतरण का यह मंगलमय समय है जब परमात्मा आकर के हमारी बुद्धि का तीसरा नेत्र खोलते है। समझ देते है कि तुम कौन हो। स्वयं को पहचान कर अब बुराइयों को छोड़ शुद्ध बनो। वह बताते हैं कि तुम परमात्मा की संतान हो। यदि हम उसके बच्चे हैं तो उनके जैसे गुण हमें धारण करने चाहिए वह जैसा है वैसा ही हमें आकर बनाते हैं तो उसको पिता मानकर हम उसके अधिकारी बने और गुणों को धारण करें तो ही वह पिता शिव हम पर खुश हो जाते हैं। भ्राता भारत भूषण ने कहा कि 1978 से ब्रह्माकुमारी संस्था में समर्पित रूप से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने 50 से भी अधिक देशों में यात्राएं करके परमात्मा का संदेश जगह-जगह पर पहुंचाया है। इस संस्था में क्रिश्चियन, बौद्ध, मुस्लिम भी आते हैं। ज्ञान लेकर अपने जीवन को परिवर्तन कर रहे हैं। उन्होंने कहा हमारे तीनों सत्ताएं धर्म , राज्य और विज्ञान सत्ता यह स्वीकार करते हैं कि यदि भारत विश्व गुरु बनेगा तो इसी संस्था के प्रयासों द्वारा ही बन सकता है। उन्होंने बताया कि शिवरात्रि के अवसर पर एक सर्वे के अनुसार पिछले 15 दिनों से संस्था में हो रहे प्रोग्राम के द्वारा 10 करोड़ से भी अधिक लोगों को शिव पिता का संदेश दिया जा चुका है। परमात्मा को प्रत्यक्ष करने के लिए यह तीनों सत्ताएं हमारे साथ हैं। शिवरात्रि का रहस्य बताते हुए भाई ने कहा कि परमात्मा को त्रिमूर्ति शिव कहते हैं क्योंकि वह आकर यह तीन कार्य करते हैं। हम देखते हैं हर जगह परमात्मा शिव को याद किया जा रहा है प्यार किया जा रहा। आज के दिन परमात्मा हमें कहते हैं कि इस कड़वाहट को अर्पित कर दो। महाशिवरात्रि महा परिवर्तन का भी त्यौहार है। हमें नेगेटिव को पॉजिटिव करना है। आचार्य महामंडलेश्वर कमल किशोर ने व्याख्यान में कहा कि परमात्मा जो निराकार है वह जब आते हैं उनका दिन मनाते हैं। परंतु वह जन्म नहीं लेते जब वह ब्रह्मा के तन का आधार लेकर आते हैं तो जयंती मनाते हैं। उन्होंने कहा कोई भी चीज जब बनती है तो उसको बनाने वाला होता है उसके पीछे। इसी प्रकार हम सब आत्माओं में गुण भरने वाला परमात्मा है। उन्होंने कहा कि यह ब्रह्माकुमारी संस्था में परमात्मा ने नारी शक्ति को आगे रखा है यह उज्वल वस्त्र और उज्ज्वल चरित्र वाली सच्ची संस्था हैं। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ओंकार ने कहा कि जब प्रकृति में बसंत आता है तो प्रकृति खीर उठाती है और जीवन में जब संत आते हैं तो जीवन खिल उठता है। उन्होंने कहा यहां आकर हमें आत्मा का भोजन मिला और यदि यह भाव हम जागृत करेंगे तो बदलाव अवश्य आएगा। जीवन का कल्याण निरंतर चेतन को जागृत करने से ही होगा। उन्होंने कहा कि आज यहां आकर उन्हें बहुत ही दिव्यता की अनुभूति हुई। सभी बाल कलाकारों ने सुंदर नृत्य की प्रस्तुति दी बीके राजेश भाई और बीके गौरव भाई जी ने परमात्म याद के सुंदर गीत द्वारा समा बांधा।

- महाशिवरात्रि महा परिवर्तन का भी त्योहार :महामंडलेश्वर कमल किशोर



# महाशिवरात्रि पर भव्य 'श्री शिव शक्ति रथयात्रा' संपन्न

### बाजारों में गूंजे शिव भोले के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार को श्री शिव-शक्ति ओंकार दरबार हाउसिंग रोड से निकली भव्य 'श्री शिव-शक्ति रथयात्रा' श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हो गई। निराकार परब्रह्म ओंकार स्वरूप 1008 शिवलिंगों की स्थापना के भूमि-पूजन के उपलक्ष्य में आयोजित इस ऐतिहासिक यात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर वातावरण को पूर्णतः शिवमय बना दिया। इस मौके पर रूद्रावतार संत महर्षि दुर्वासा-आत्मा कुरड़ी वाले महाराज श्री जी की पीठ पर विराजमान संदीप ओंकार ने अपने आशीर्वचन में कहा कि शिव ही सत्य हैं और शिव ही कल्याण का मार्ग हैं। जब समाज एकजुट होकर ईश्वर आराधना करता है तो वहां से सकारात्मक परिवर्तन की शुरुआत होती है। यह भूमि-पूजन आने वाले समय में एक दिव्य शिवधाम के रूप में फलित होगा, जो पीढ़ियों तक आध्यात्मिक मार्गदर्शन देता रहेगा। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित सांसद वरूण चौधरी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि महाशिवरात्रि जैसे पर्व हमारी सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक परंपरा के प्रतीक हैं। श्री शिव-शक्ति रथयात्रा ने अंबाला की पहचान को और सशक्त किया है। 1008 शिवलिंगों की स्थापना का यह संकल्प निश्चित ही समाज में नैतिक मूल्यों और धार्मिक चेतना को नई ऊंचाई देगा। आज की यह रथयात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक ऊर्जा और संस्कारों के जागरण का माध्यम है। महाशिवरात्रि के इस पावन अवसर पर निकली 'श्री शिव-शक्ति रथयात्रा' ने न केवल धार्मिक आस्था को सशक्त किया, बल्कि सामाजिक एकता और आध्यात्मिक जागरण का भी संदेश दिया। यात्रा संयोजक समाजसेवी अंजली डीके बंसल ने कहा कि यह आयोजन जन-जन को जोडऩे का माध्यम बना है। हमें गर्व है कि अंबाला कैंट की जनता ने इतनी बड़ी संख्या में भाग लेकर इसे ऐतिहासिक स्वरूप दिया। हमारा उद्देश्य धर्म के माध्यम से सेवा और संस्कारों को समाज में स्थापित करना है। इस मौके पर न्यायाधीश प्रवीण गर्ग, वरिष्ठ नेतृी चित्रा सरवारा, अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला, जिला कांग्रेस के शहरी अध्यक्ष पवन अग्रवाल, . शिवनारायण दीक्षित, कोणार्क बुवानीवाला, पूजा बंसल, विनायक बसल, आशुतोष बंसल, रोहित बंसल सहित अनेक भक्त मौजूद रहे।

# 'मेरे अच्छे होते ही गर चले जाना है तुम्हें बेटा तो फिर बूढ़े बाप को यूं ही बीमार बना रहने दे'....

**अंबाला।** सामाजिक,सांस्कृतिक एवं मनोरंजक संगठन गुदगुदी जंक्शन द्वारा जगाधरी गेट स्थित मुरलीधर डीएवी सीनियर सैकेंडरी स्कूल में साहित्यिक सम्मेलन ₹काव्य कलश₹ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यालय प्रभारी मंदीप शर्मा ने बताया कि शिक्षाविद् एवं कवि ₹प्रो.रविन्द्र ऋषि₹ की स्मृति पर कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं के दिलों पर अमिट छाप छोड़ी। प्रो.सतीश चंद्र पराशर की सरपरस्ती में हुए इस कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि पशुधन विकास बोर्ड,हरियाणा के चेयरमैन एवं भाजपा जिला प्रभारी धर्मवीर मिर्जापुर,विशिष्ट अतिथि सुरजीत बुद्धिराजा,प्रेम महेंद्रू,शायर रतन सिंह ढिल्लो,प्रभाष पराशर,प्रिंसिपल डॉ.आरआर सूरी और कार्यक्रम संयोजक डॉ.संजय गौतम ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता समूह अध्यक्ष चंद्रमौलि गौड़ ने की। प्रो.सतीश चंद्र पराशर ने समूह पदाधिकारियों राजेंद्र कौशिक,डॉ.संजय गौतम,देवीराम शर्मा,असीम अग्रवाल,सुरेन्द्र धीमान,साहिल शर्मा,लखबीर सिंह उप्पल और संजय कपूर के साथ आमंत्रित सभी अतिथियों और साहित्यकारों का स्वागत करके स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र प्रदान किए। अपने संबोधन में मुख्यातिथि धर्मवीर मिर्जापुर ने कहा कि इस समय में चल रही भाग दौड़ में सांस्कृतिक विकास के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन अति आवश्यक है। उन्होंने कवियों द्वारा लेखन के माध्यम से समाज के प्रति अपने दायित्व के सफल निर्वाह करते रहने का आग्रह किया। कार्यक्रम में कवियों ने अपनी कविताओं से शायरी में प्रेम,सामाजिक विषमता,संवेदनहीनता,समाज में विखंडन को रेखांकित किया जिनमें सद्र-ए-मुशायरा रतन सिंह ढिल्लों ने ₹मेरे अच्छे होते ही गर चले जाना है तुम्हें बेटा तो फिर बूढ़े बाप को यूं ही बीमार बना रहने दे₹...,ओम बनमाली ने ₹कि टूटे दिल का मलाल था ही नही बेरूखी पे सवाल था ही नही,भाव हमने बढ़ा दिये तेरे कीमतों में उछाल था ही नहीं₹...,कवयित्री माधुरी शर्मा ने ₹एक शून्य से चले थे फिर से उसी में खो गए₹...,अर्चित शर्मा नाकाबिल ने ₹मोहब्बत के पर्वतों से पिघलता आबशार हो तुम₹...,अंजलि सिफ़र ने ₹पूरी बिरयानी को चखते देखा है मां को कभी,जांच लेती है वो केवल एक दाना देखकर₹...,जगमाल सिंह राणा ने ₹कैसे कैसे ये मंज़र छुपाए हुए,मेरी आंखें समंदर छुपाए हुए₹...,हास्य कवि अनवर अंसारी ने ₹मुझे मोटा मोटा कहने वाले,मैं मोटा ही सही पर तू सोच से छोटा है₹...,मनीषा नारायण मन ने ₹चुप रहे कुछ भी ज़माने से न बोला हमने,ढल गई उम्र तेरा राज़ न खोला हमने₹...और सुमन शर्मा ने ₹हिस्से की अपने धूप पड़ोसी को मिल सके,मैंने मकान ऊँचा उठाया नहीं कभी₹.... आदि रचनाएं सुनाकर श्रोताओं की खूब वाह वाही लूटी।

- सामाजिक,सांस्कृतिक एवं मनोरंजक संगठन गुदगुदी जंक्शन द्वारा साहित्यिक सम्मेलन 'काव्य कलश' का भव्य आयोजन किया



अंबाला। विशिष्ट अतिथि को सम्मानित करते हुए।

### महाशिवरात्रि पर्व पर लगी श्रद्धालुओं की लाइन

# महाशिवरात्रि पर्व पर दिनभर बाबा भोलेनाथ के नारों से गूंजे शिवालय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर



महाशिवरात्रि के पावन अवसर क्षेत्र के मंदिरों को बड़ी धूमधाम से सजाया गया। रविवार को जहां पूरे भारतवर्ष में ही नही बल्कि पूरे विश्व में महाशिवरात्रि का पर्व मनाया गया , वहीं शहजादपुर क्षेत्र के मंदिरों में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ दिखाई देने लगी थी। शहजादपुर ,पतरेहड़ी,धनाना सहित क्षेत्र के सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ इस कदर देखने को मिली कि लोगों को माथा टेकने के लिए काफी समय तक लंबी लंबी लाइनों में खड़ा होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा।एक तरफ जहां श्रद्धालु शिवलिंग का जलाभिषेक कर अपनी मनोकामना पूर्ति की कामना कर रहे थे,वहीं , मन्दिर कमेटी द्वारा वहां पर आने वाले द्वारा फल व दूध का प्रसाद बांटा जा रहा था। पंडित सुशील भारद्वाज ने महाशिवरात्रि पर्व महिमा बताते कहा कि महाशिवरात्रि का त्योहार को फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि को मनाया जाता है।धार्मिक मान्यता है कि इस दिन भगवान शिव और मां पार्वती का विवाह हुआ था। इसी वजह से इस दिन महाशिवरात्रि के पर्व को मनाया जाता है। कहा जाता है कि इस दिन भगवान शिव की पूजा करने से वे जल्द प्रसन्न होते हैं। पौराणिक कथा के अनुसार, देवों के देव महादेव और मां पार्वती का विवाह फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को हुआ था। इसी वजह से हर साल फाल्गुन माह में महाशिवरात्रि के पर्व को बेहद उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस विशेष अवसर पर शिव भक्त भगवान शिव की बारात निकालते हैं। साथ ही भगवान भोलेनाथ और मां पार्वती की विशेष पूजा-अर्चना करते हैं।

- लंबी-लंबी लाइनों में खड़ा होकर अपनी बारी का किया इंतजार



शहजादपुर। पुलवामा शहीदों को श्रद्धांजलि देते ग्रामीण। फोटो : हरिभूमि

# पुलवामा के शहीदों को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**शहजादपुर।** श्री गुरु रविदास मंदिर, माजरा के प्रांगण में पुलवामा हमले के अमर शहीदों की बरसी पर एक शोक सभा एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रविदास सभा माजरा और स्थानीय निवासियों ने मिलकर देश की रक्षा में प्राण न्यौछावर करने वाले वीर जवानों को याद किया। कार्यक्रम की शुरुआत शहीदों के चित्रों के समक्ष पुष्प अर्पित कर और मोमबत्तियां जलाकर की गई। उपस्थित जनसमूह ने दो मिनट का मौन रखकर वीर सपूतों की शहादत को नमन किया और उनके बलिदान को कभी न भूलने का संकल्प लिया।इस अवसर पर सेवानिवृत्त कैप्टन सरदार रचन सिंह ने विशेष रूप से शिरकत की। युवाओं को देश सेवा के प्रति प्रेरित किया। श्रद्धांजलि देने वालों में समाजसेवी रविंद्र मोहन,रविदास सभा सदस्य बलबीर सिंह, चरणजीत सिंह, सुरता राम, हेमंत कुमार, हर्षवर्द्धन, दीपक कुमार, विशाल, हिमांशु, अभय, माया राम, श्रीमती गीता, यसमीत और अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### अपनी संस्कृति के प्रति सजग रहें युवा

# हिंदू सम्मेलन में हिंदुत्व के प्रति भी युवाओं को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

शहजादपुर मंडल में एक भव्य एवं विशाल हिंदू सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में क्षेत्र के सैकड़ों हिंदू समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सामाजिक एकता और हिंदुत्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। सम्मेलन की मुख्य वक्ता पूज्य डॉ. स्वामी अमृता दीदी ने जिन्होंने उपस्थित जनसमूह को हिंदुत्व के मूल सिद्धांतों, सांस्कृतिक जागरण तथा सामाजिक एकता की दिशा में प्रेरित करते हुए विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया। उनके ओजस्वी विचारों ने युवाओं और समाज के सभी वर्गों को अपनी संस्कृति और परंपराओं के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से आए प्रमुख वक्ता ज्ञान भी उपस्थित रहे, जो प्रांत में सामाजिक समरसता के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने अपने संबोधन में समाज में समरसता, संगठन और राष्ट्रहित में कार्य करने की आवश्यकता पर बल दिया।कार्यक्रम का सफल संचालन आयुष द्वारा किया गया जो संघ में शहजादपुर मंडल के कार्यवाह हैं। उनके साथ सह-संयोजक के रूप में परवीन भारद्वाज, रतनलाल,हर्ष वर्धन, सुदेश वर्मा, कुसुम, सोनिया,माजरा सरपंच नेहा शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। इस अवसर पर खंड कार्यवाह शिवचरण तथा सह-खंड कार्यवाह प्रिंस भी विशेष रूप से उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए सभी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन किया।शहजादपुर मंडल में आयोजित इस विशाल हिंदू सम्मेलन ने समाज में एकता, समरसता और संगठन के भाव को और अधिक मजबूत किया। उपस्थित सभी लोगों ने भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज को जागृत और संगठित रखने का संकल्प लिया।

- परंपराओं के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।



शहजादपुर। हिंदू सम्मेलन के दौरान मुख्य वक्ता व अन्य।

# बलदेव नगर थाने को उड़ाने की साजिश के मामले की जांच एनआईए के हवाले

### एफएसएल की रिपोर्ट का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के बलदेव नगर थाने को उड़ाने की साजिश के मामले की जांच अब एनआईए करेगी। इस मामले में सात आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पुलिस की एसआईटी ने अपनी जांच पूरी कर ली है। हालांकि अब तक विस्फोटक सामग्री का पता लगाने के लिए एफएसएल की रिपोर्ट का इंतजार है। पहले भी एनआईए अंबाला की एसआईटी के साथ मिलकर जांच कर रही थी लेकिन अब पूरा मामला वह खुद देखेगी। एसआईटी की जांच में मुख्य आरोपी पाकिस्तान में बैठा शहजाद भट्टी सामने आया है। एक के बाद एक पकड़े गए आरोपियों के तार सीमा पार बैठे शहजाद भट्टी से ही जुड़ गए थे। पाकिस्तान की सीमा से सटे पंजाब के अलग-अलग गांव में युवाओं को ही शहजाद भट्टी संपर्क में लेकर अपने साथ जोड़ता था। वह भारत से ही फर्जी सिम को इस मामले में पकड़े गए आरोपी अमरजीत, सत्यम, सुखदेव के जरिये खरीदता था। फिर उन्हें ड्रोन भेजकर पाकिस्तान मंगवा लेता था। बदले में आरोपियों को नशा उपलब्ध करवाता था। बता दें कि अंबाला शहर के बलदेव नगर थाने में 21 जनवरी को एक मारुति कार खड़ी कर उसे विस्फोट से उड़ाने का प्रयास किया गया था। विस्फोट सामग्री से जोरदार धमाका नहीं हुआ व आग डिग्गी में रखे गैस से भरे मिनी सिलेंडरों तक नहीं पहुंची। इस मामले के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई थी। अंबाला के पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने एसआईटी का गठन किया था। अब तक इस मामले में पुलिस पटियाला के कर्मजीत, फिरोजपुर के आकाश व सौरभ दो भाईयों व फिरोजपुर के रमन, अमरजीत, सत्यम व सुखदेव को काबू किया था। पता चला कि अमरजीत व सुखदेव हाईवे किनारे कनोपी लगाकर लोगों को डमी सिम देते थे और सही सिम सीमा पार भेज देते थे।

- मामले में सात आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी, पुलिस की एसआईटी ने जांच पूरी की
- हालांकि अब तक विस्फोटक सामग्री का पता लगाने के लिए एफएसएल की रिपोर्ट का इंतजार

# समाज में एकता, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देता है महाशिवरात्रि का पर्व



मुलाना। समाजसेवी नरेंद्र विमला को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना

महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर हल्का के विभिन्न गांवों में आयोजित धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में समाज सेवी नरेंद्र बिलमा ने शिरकत कर श्रद्धालुओं के साथ पर्व मनाया। इस अवसर पर उन्होंने शिव मंदिरों में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। गांव-गांव में आयोजित कार्यक्रमों के दौरान स्थानीय सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं द्वारा उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। संस्थाओं के पदाधिकारियों ने उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट कर तथा फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने "हर-हर महादेव" के जयकारों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। बिलमा ने अपने संबोधन में कहा कि महाशिवरात्रि केवल धार्मिक आस्था का पर्व नहीं, बल्कि समाज में एकता, सद्भाव और भाईचारे का संदेश देने का अवसर भी है। उन्होंने युवाओं से सामाजिक सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं और युवाओं ने भाग लिया। कई स्थानों पर भंडारे और जागरण का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

### एक रुपये की सगाई स्वीकार कर दिया बड़ा संदेश

**कैथल।** कैथल जिले के गांव नरड़ से एक ऐसी प्रेरणादायक खबर सामने आई है, जिसने दहेज प्रथा के खिलाफ समाज को एक मजबूत और सकारात्मक संदेश दिया है। किसान नेता महाबीर चहल ने अपने बेटे दीपक की शादी में लड़की पक्ष द्वारा दिए जा रहे 55 लाख रुपये नकद दहेज को सम्मानपूर्वक लौटाकर एक अनूठी मिसाल कायम की। 14 फरवरी को दीपक का विवाह करनाल जिले के गांव रंगरूटी खेड़ा की खुशी के साथ पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार संपन्न हुआ। शादी का भव्य रिसेप्शन असंध शहर के एक निजी पैलेस में आयोजित किया गया, जहां दोनों परिवारों के रिश्तेदारों, मित्रों और समाज के गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के दौरान उस समय भावुक माहौल बन गया जब लड़की पक्ष की ओर से 55 लाख रुपये दहेज स्वरूप देने की पेशकश की गई। मौके पर ही महाबीर चहल ने बड़े ही सम्मान और दृढ़ता के साथ कहा, "आपने अपनी बेटी हमें सौंप दी, इससे बड़ा कोई उपहार नहीं हो सकता। हमें दहेज के रूप में कुछ भी स्वीकार नहीं है।" उन्होंने न केवल नकद राशि लौटाई, बल्कि दहेज में दिए गए सोने के गहने भी वापस कर दिए।

## न्यूज डायरी

### धोखाधड़ी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** पुलिस ने जमीन के नाम पर लाखों की धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। आरोपी के कब्जे से ठगी गई पूरी राशि 06 लाख रुपये बरामद कर ली गई है। शिकायतकर्ता लखविंदर सिंहने 10 फरवरी 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी घनश्यामने उसे जमीन बेचने का झांसा दिया। आरोपी ने उस जमीन का बयाना (एडवांस) कर 06 लाख रुपये हड़प लिए, जो असल में उसके नाम पर थी ही नहीं। थाना नग्गल पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए जांच शुरू की और आरोपी घनश्याम को काबू किया। पूछताछ के दौरान आरोपी से ठगी की गई 6 लाख रुपये की नकदी बरामद कर ली गई है।

### चोरी का प्रयास करने वाले तीन आरोपी पकड़े

**अंबाला।** पुलिस के एवीटी स्टाफ ने बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए गाड़ी के शीशे तोड़कर चोरी करने की नीयत रखने वाले तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान राकेश कुमार उर्फ मोंटी, बिंदर कुमार और दीपा उर्फ बिल्लू के रूप में हुई है। शिकायतकर्ता इंद्रजीत ने 14 फरवरी 2026 को शिकायत दर्ज करवाई थी। पुलिस को मिली शिकायत के अनुसार, उपरोक्त आरोपियों ने टाटा गाड़ी के शीशे तोड़कर चोरी करने की कोशिश की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### आज नशे की ओर जा रहा युवा वर्गः किरण बहन

**शहजादपुर।** कस्बे में स्थित ब्रह्मकुमारी आश्रम में शिव जयंती का उत्सव मनाया गया रायपुर रानी से विशेष निमंत्रण पर पहुंची बीके किरण बहन ने कहा कि नौजवान नशे और अनेक बुराइयों की तरफ जा रहा है शिव अर्थात कल्याणकारी शिव परमात्मा हम सब आत्माओं का कल्याण करने के लिए इस धरा पर अवतरित होते हैं हमारे भीतर जो बुराई और नशे जैसी बुरी आदतों को छुड़ा कर हम सब आत्माओं का कल्याण करते हैं।